तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 34.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 जून 2024



12 आयोग अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : लालपुरा





12 समारोह को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश










## खबर संक्षेप

### बड़नपुर में निकाली योग जागरण यात्रा

**उचाना।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयुष विभाग जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमित रोहिल्ला के दिशा-निर्देश में आयुष योग सहायक सतीश कुमार योगाचार्य के द्वारा बड़नपुर में योग जागरण यात्रा निकाली। आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार श्योकंद ने बताया ब्लॉक की आठ व्यायामशाला के सभी योग सहायकों के द्वारा पांच-पांच गांव में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी।

### निर्जला एकादशी से एक दिन पहले लगाई छबीली

**उचाना।** निर्जला एकादशी से पहले शहर के लितानी रोड, उचाना कलां के भौंगरा रोड, पुरानी मंडी रोड, फाटक के पास सहित करीब एक दर्जन जगहों पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। पुरानी मंडी में लगाई गई छबील पर युवाओं ने आने-जाने वाले वाहन चालकों, राहगीरों को रूकवा कर ठंडा पानी पिलाया।

### खेत से बिजली उपकरण चोरी

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द खेतों से चोरों ने सोलर मोटर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदा खुर्द निवासी जगमेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से सोलर मोटर, बिजली केबल तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### निर्जला एकादशी को माना गया सर्वश्रेष्ठ : भारतेंदू

**उचाना।** लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी भारतेंदू शांडिल्य ने कहा कि 'येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी मनाई जाती है। साल में कुल 24 एकादशी आती हैं। इनमें से निर्जला एकादशी को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। मान्यता है कि निर्जला एकादशी पर निर्जला उपवास रखने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और मोक्ष मिलता है।

### मां-बेटा संदिग्ध हालात में लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव शामदो से मां व बेटे के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर कर रही है। गांव शामदो निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 13 जून को पत्नी तथा अढ़ाई वर्ष का बेटा घर से गायब हो गए। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी तथा बेटे को कोई सुराग नही लगा।

### दुकान का टूटा ताला बिजली सामान चोरी

**जींद।** जिले में चोरो ने बीती रात अलग-अलग दो स्थानों पर ताले तोड़ कर बिजली उपकरणों व अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव लोन निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ कर 12 पंखे, तीन टल्लू पंप, तीन मोटर पंखे, चार प्रैस, बिजली मोटर व अन्य सामन को चोरी कर लिया।

### दो युवतियां लापता अपहरण का केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है।

गांव अमरावली खेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 जून को उसकी 21 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### बसपा की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन

**जींद।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक सुंदर नगर के संत शिरोमणि गुरु रविदास धर्मशाला में हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल तिगरा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मवीर भुक्कल ने की।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया ईद उल अजहा का पर्व

# नमाज अता कर अल्लाह से मांगी बरकत व अमन-चैन की दुआ

नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीदारी की, एक दूसरे को ईद की बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में सोमवार को ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस्लाम धर्म के अनुयायियों ने हांसी ब्रांच नहर के निकट जामा मस्जिद ईदगाह में नमाज अता करके अल्लाह ताला से बरकत तथा अमन चैन की की दुआ मांगी। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। मस्जिद के बाहर खिलौनों, मिठाईयों, चाट पकौड़ी की दुकाने सजाई गई थी। नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जम कर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी। ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को देखते हुए ईदगाह के निकट पुलिस बल तथा खुफिया एजेंसियों के लोगों ने लगातार निगाहें जमाए रखी।

हांसी ब्रांच नहर के निकट ईदगाह में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर नमाज अता करने के लिए इस्लाम धर्म के अनुयायी सोमवार सुबह से ही ईदगाह में जमा होना शुरू हो गए थे। मुस्लिम समाज के प्रधान सुलेमान की अध्यक्षता में हजारों की संख्या में मुसलमानों ने नवाज अता की तथा सदका, फितरा, जकात जमा कराई, वहीं गरीबों को दान दिया। जामा मस्जिद के इमाम ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज पढ़ाई तथा भाइचारे को मजबूत करने व विश्व शांति, कौमी एकता की दुआ अल्लाताला से मांगी। इस मौकेपर उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं। बाद में सभी ने एक दूसरे को गले मिल कर ईद-उल-जुहा (बकरीद) की बधाई दी तथा सुखद भविष्य की कामना की।



जींद। ईदगाह में मौजूद मुस्लिम समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि



जींद। नमाज अता करते मुस्लिम समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि



जींद। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व पर ईदगाह में मौजूद सांसद सतपाल ब्रह्मचारी।

### हिंदू, मुस्लिम, सिख समाज को भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया

कार्यक्रम में सोनीपत से कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, कांग्रेस नेता राजू लखीना भी पहुंचे और सभी ने अपने भाषण में हिंदू, मुस्लिम, सिख समाज को भाईचारा बढ़ाने का संदेश दिया। यहां पर इमाम ने कहा कि ईद का त्यौहार हमें भाईचारे का संदेश देता है, जिससे मिल जुल कर रहने की प्रेरणा मिलती है। ईद के त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा विश्व में अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। मस्जिद के बाहर खिलौनों, मिठाइयों, चाट पकौड़ी की दुकाने सजाई गई थी। नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह त्यौहार हजरत इब्राहिम व इस्माइल की याद में मनाया जाता है। यह त्यौहार आपसी भाईचारे का त्यौहार है। इसके बाद नमाज अदा की और सबने आपस में ईद मुबारकबाद दी। देश में तरक्की व अमन चैन के लिए विशेष दुआ मांगी गई।





जींद। बातचीत करते दलजीत मलिक। फोटो :हरिभूमि

# दलजीत मलिक ने जुलाना से ठोकी ताल

- जुलाना के विकास के लिए वचनबद्ध राजनीतिक दल के टिकट पर ही लड़ेंगे चुनाव : दलजीत मलिक
- कहा : अपने समर्थकों से विचार .विमर्श करने के बाद जल्द लेंगे अगला फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि वह जुलाना विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और जुलाना विधानसभा क्षेत्र के लोगों के हितों के लिए समय-समय पर मांगें उठाते रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में वह उसी पार्टी की मदद करेंगे जो पार्टी जुलाना के विकास के लिए प्रयास करेगी। वह जुलाना से उसी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे जो पार्टी जुलाना के विकास के लिए वचनबद्ध होगी। दलजीत मलिक पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दलजीत मलिक ने कहा कि जुलाना विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। यहां न तो उद्योगिक क्षेत्र है और न ही कोई अन्य बड़ा प्रोजेक्ट है। इसके चलते यहां के युवाओं को रोजगार की तलाश में बाहर जाना पड़ता है। इसके लिए सीधे.सीधे वह लोग जिम्मेदार हैंए जिनको जुलाना की जनता ने अपना प्रतिनिधि चुनकर विधानसभा में भेजने का काम किया लेकिन उन्होंने विधानसभा में उनके हक के लिए कभी कोई आवाज नहीं उठाई। इसके चलते जुलाना विकास के क्षेत्र में पिछड़ गया। दलजीत मलिक ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में वह चुनाव मैदान में ताल ठोंगे और उस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे जो पार्टी जुलाना के विकास के लिए उनसे वादा करेगी। मलिक ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उनके साथ सम्पर्क में हैं वह बहुत जल्द ही अपने समर्थकों से विचार.विमर्श कर निर्णय लेंगे। मलिक ने कहा कि उनका उद्देश्य जुलाना का विकास करवाना है। जुलाना क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए वह प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने जुलाना के साथ विश्वासघात किया है जुलाना की जनता उन लोगों को कभी माफ नहीं करेगी।

# बच्चे सीखेंगे सिख समाज की संस्कृति और इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बच्चों को सिख धर्म की जानकारी मिले और उन्हें सिख मर्यादा, गुरूबाणी, गुरू इतिहास की जानकारी मिले, इसके लिए शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरमत सिखलाई कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप 18 से शुरू होगा और 21 जून तक तक चलेगा। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, स्थानीय संगत एवं गुरु रतन आसीस संगीत सेंटर के सहयोग से इस कैंप में बच्चों को सिख धर्म, कुर्बानियों से अवगत करवाया जाएगा। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि यह कैंप प्रतिदिन सुबह 9 बजे से आरंभ होकर 12 बजे तक चलेगा। जिसमें बच्चों को सिख रहित मर्यादा, गुरुबाणी सन्थिया, गुरु इतिहास एवं गुरबाणी कीर्तन के बारे में सिखाया जाएगा।

### कैंप का उद्देश्य बच्चे सिख समाज की परंपरा को समझें : कौर

हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी परमिंदर कौर ने बताया कि कैंप के माध्यम से बच्चों को सिख समाज की संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूक किया जाएगा ताकि बच्चे सिख समाज की परंपरा को समझें और उसका अनुसरण करें। कैंप में बच्चों को शुद्ध भाषा व उच्चारण में गुरुबाणी भी सिखाई जाएगी। प्रशिक्षण के बाद बच्चों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार भी दिया जाएगा।



बीबी परमिंद्र कौर

### विवाह पंजीकरण के लिए तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट को दी पॉवर

**जींद।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया सरल किया है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सिटी मजिस्ट्रेट (सीटीएम), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि अब विवाह पंजीकरण करवाने वाले लोग अपने लोकल स्तर पर अपनी सुविधा अनुसार ग्राम सचिव से लेकर बीडीपीओ, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इससे पहले ग्रामीण स्तर पर केवल तहसीलदार के पास ही मैरिज रजिस्ट्रेशन का अधिकार था। शहरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद, सचिव नगर पालिका, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नामित रजिस्ट्रार होंगे। नागरिक अब अपने घर के नजदीक ही संबंधित अधिकारियों के माध्यम से विवाह को पंजीकृत करवा सकते हैं। मैरिज रजिस्ट्रार की संख्या बढने और घर.क्षेत्र के नजदीक ही अधिकारी मिलने से विवाह पंजीकरण करवाने को सुविधा होने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। डीसी ने बताया कि विवाह पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से शादियां पंजीकृत की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने दिसंबर 2020 में सुशासन पहल के तहत विवाह पंजीकरण के लिए पोर्टल लांच किया था।

# ट्रस्ट ने 533 जरूरतमंद लिए गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

परवाज एक उड़ान चैरिटेबल ट्रस्ट नरवाना ने सब डिवीज़न नरवाना के 533 जरूरतमंद छात्र व छात्राओं को गोद ले लिया है। 533 छात्र व छात्राओं 42 सरकारी विद्यालयों से गोद लिए गए हैं ट्रस्ट ने इन सब विद्यार्थियों की सत्र 2024-2025 की विद्यालयों की फीस निधियों को जमा करवा दिया है। भविष्य में यदि इन जरूरतमंद छात्र व छात्राओं को किसी भी तरह की सहायता जैसे वर्दी, किताबें की आवश्यकता होगी तो वो भी पूरी कर दी जायगी। जल्द ही इन छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पिट्ठू बैग, स्टेशनरी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। परवाज़ एक उड़ान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन जगदीप ढांडा व प्रधान मनमोहन मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में निर्णय हुआ था कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'यादा से 'यादा जरूरतमंद छात्र व छात्राओं को गोद लेकर उनको आर्थिक मदद की जाये। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने इस नेक कार्य में ट्रस्ट की सहायता की।



नरवाना। एसडीएम अनिल कुमार दून को पौधा भेंट करके सम्मनित करते हुए।



जींद। बधाना निवासी फाइटर पायलट आशीष खटकड़ अपने माता-पिता के साथ।

### बधाना का आशीष वायु सेना में बना फाइटर पायलट

**अलेवा।** अलेवा खंड के गांव बधाना निवासी 22 वर्षीय आशीष खटकड़ का तीन साल महाराष्ट्र के खड़गवासला व एक साल की हैदराबाद में ट्रेनिंग के बाद वायु सेना में फाइटर पायलट के पद पर चयन हुआ है। वह रविवार को अपने गांव बधाना में पहुंचे तो गांव वालों ने उसका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट बनकर आशीष खटकड़ ने अपने गांव का ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। फाइटर पायलट आशीष खटकड़ ने बताया कि उनके पिता सरकारी अध्यापक के पद पर कार्यरत है। जबकि माता महिद्रों देवी ग्रहणी है। उन्होंने बताया कि उसने 10 वीं तथा 12वीं कक्षा नगूरां गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल से पास की थी। उनका बचपन में ही सपना था कि वह सेना में एक बड़ा अधिकारी बने, क्योंकि उनके परिवार में आज तक कोई बड़ा अधिकारी नहीं रहा। उन्होंने बताया कि मार्च 2020 को उनका एनडीए में चयन हो गया। तीन साल की कड़ी मेहनत के बाद 30 मई 2023 को पास आऊट हुआ। उसके एक साल बाद हैदराबाद में फलाइंग की ट्रेनिंग के बाद 15 जून 2024 को फलाइंग आफिसर की शपथ के साथ फाइटर पायलट के तौर पर कमीशन प्राप्त हुआ।

# रिद्धि-सिद्धि क्लब ने लगाई छबील

- दो दिन तक राहगीरों को रोक-रोक कर पिलाया जाएगा मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भीषण गर्मी को देखते व निर्जला एकादशी पर्व को लेकर रिद्धि-सिद्धि क्लब ने जयंती देवी मंदिर के निकट व पटियाला चौक स्थित तिकोना पार्क पर मीठे पानी की छबीलें लगाई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला रहे जबकि क्लब प्रधान सुभाष चंद्र अनेजा, सुरेंद्र चौहान व सोनू सिंधवानी सहित अन्य सदस्यों ने छबील में अपनी सेवा दी। डिप्टी एमएस डा. भोला ने कहा कि यह एकादशी का पर्व केवल पानी पिलाने तक सीमित नही है बल्कि संपूर्ण समाज को यह सीख देता है कि हमें हमेशा दूसरों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए। प्रधान सुभाष चंद्र अनेजा ने कहा कि शास्त्रों में लिखा है कि ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी को पानी पिला कर सेवा करना पुण्य का भागीदार माना जाता है और इस से स्वर्ग की प्राप्ती होती है। क्लब प्रधान सुभाष चंद्र अनेजा ने कहा कि संस्था का प्रयास है कि गर्मी के बीच कोई भी प्यासा ना रहे, इसको लेकर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अन्य समाजसेवी संस्थाओं से आह्वान किया कि समय-समय पर पानी की छबीलें अवश्य लगाएं ताकि आमजन को पीने के लिए पानी मिल सके।



जयंती देवी मंदिर के निकट राहगीरों को मीठा पानी पिलाते संस्था सदस्य।



उचाना। तेरापंथ भवन में चल रही संस्कार पाठशाला। फोटो :हरिभूमि

### तेरापंथ जैन भवन में संस्कार पाठशाला आयोजित

**उचाना।** पुरानी मंडी स्थित तेरापंथ भवन में हर रोज बच्चों को संस्कार की पाठशाला में संस्कारों के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यहां विराजमान साध्वी श्री तिलकश्री ठाणे-3 की प्रेरणा ने बच्चों को संस्कारों के बारे में बताया जा रहा है। महिला मंडल की पूर्व प्रधान रेखा जैन, पूनम जैन, भारती जैन, नीलम जैन बच्चों को पढ़ा रहे है। रेखा जैन ने कहा कि जीवन में संस्कारों का होना जरूरी है। बचपन से ही माता-पिता को चाहिए कि वो बच्चों को संस्कार दे। जीवन संस्कारवान नहीं है तो कुछ नहीं है। हमेशा बड़ों का आदर करने के साथ-साथ हमेशा अनुशासन में रहना चाहिए। जीवन में अनुशासन सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। साध्वी श्री तिलक श्री की प्रेरणा से बच्चों को हर रोज संस्कार पाठशाला आयोजित करके पढ़ाया जा रहा है। 30 के आस-पास बच्चें आ रहे है। गर्मी के अवकाश के चलते बच्चों की संख्या बढ़ रही है।

## सर्वखाप जनकल्याण मंच किसान संगठन ने किए अहम प्रस्ताव पारित

# एक गांव एक गौत्र में शादी पर रोक लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने अपने राष्ट्रीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में किसानों व सामाजिक मुद्दों पर लंबे समय से चल रहे आंदोलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि फसलों पर एमएसपी दिलवाना, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करवाना, प्रधानमंत्री सम्मान किसान निधि में बढ़ोत्तरी करवाना, प्राकृतिक खेती व मोटी फसलों पर लाभकारी मूल्य दिलवाने, एक गांव एक गौत्र में शादी पर रोक लगवाने, लव एंड रिलेशनशिप को खत्म करनेज्, युवाओं को नशे से दूर रखने आदि मुददें पर चर्चा की गई है। इन सभी मुद्दों में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार को अवगत करवाया जाएगा। कंडेला ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जीन किसानों ने अपनी सिक्योरिटी को बढवाया है, उनके हिसाब से ट्रांसफार्मर रखे जाएं व जिन मकान के ऊपर से बिजली की तारें गुजरती हैं, उनको तुरंत हटाया जाए। जिनके खेत में ट्यूबवेल का पानी कृषि योग्य नही है, किसान दूसरे ट्यूबवेल पर लगवाने का आवेदन करता है, उसका बिजली विभाग 'यादा अस्टीमेट बना रहा है। किसान इस खर्च को उठाने में सक्षम नही हैं। इसमें रियायत की जाए ताकि किसान अपनी फसल को पका सकें। कंडेला ने कहा कि प्रदेश में सरकार के पैसों से किसान भवन और पंचायत भवन बने हुए हैं, उसमें ठहरने के लिए कोई भी किसान या पंचायत प्रतिनिधि अपने कमरे बुक करवाता है, उस पर भारी रकम वसूली जाती है। इसके लिए भी सरकार गंभीरता से विचार कर के उनको ठहरने की व्यवस्था करें। कंडेला ने जनकल्याण मंच की प्रदेश कार्यकारिणी को भंग करते हुए कहा कि एक महीने में प्रदेश के सभी जिलों में संपर्क करके मेहनती व संघर्षशील व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा व 15 अगस्त के बाद सर्व खाप व जनकल्याण मंच व किसान यूनियन महासम्मेलन राष्ट्रीय मुख्यालय कंडेल में बुलाया जाएगा। इस मौके पर धर्मपाल खटकड़, नरसी शर्मा, जगदीश खटकड़, विनोद सरपंच, जगबीर सरपंच, रघुवीर अहिरका आदि मौजूद रहे।



जींद। किसानों के साथ बैठक करते टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### बंसल दंपति को मिला किंग व क्वीन का पुरस्कार

**जींद।** जेसीआई के मंडल-10 के अर्धवार्षिक मंडल अधिवेशन मिडकॉन जंयती - 2024 का आयोजन निजी होटल में किया गया। जिसमें पूरे हरियाणा व दिल्ली से जेसीज सदस्यों व पदाधिकारियों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था के पूर्व प्रधान एवं मंडल उपाध्यक्ष-2024 मंडल 10 जेसी मनीष सिंगला ने किया। संस्था के अध्यक्ष जेसी अरूण बंसल ने बताया कि इस कार्यक्रम में छह माह में अध्याय द्वारा किए गए कायोंर् के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इसमें संस्था को 11 अवार्ड व 14 प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए। मिडकॉन में आए हुए सदस्यों के मनोरंजन के लिए अनेकों प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें किंग-क्वीन प्रतियोगिता में संस्था के अध्यक्ष जेसी अरूण बंसल व उनकी धर्मपत्नी जेसरिट स्मार्टी बंसल ने पुरस्कार जीता। पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में भी अध्याय को पुरस्कृत किया गया व बच्चों के लिए रैम्प वॉक में भी संस्था के बच्चों को पुरस्कार मिला। संस्था के सरंक्षक जेसी केसी गुप्ता व जेसी रोशनलाल गोयल, प्रदीप शर्मा, संजीव तायल, दीपक शर्मा, हितेश गर्ग, रिंकी गर्ग आदि मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष जेसी अरूण बंसल ने बताया कि संस्था अपने उद्देश्य पर कार्य करती है और समय-समय पर व्यक्तित्व विकास व आपसी भाईचारे को बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन करती रहती है।

**खबर संक्षेप**

### 27 जून को लगेगा रक्तदान शिविर

**गुहला चीका।** भारत विकास परिषद की चीका शाखा द्वारा 27 जून को अग्रवाल धर्मशाला चीका में एक रक्तदान कैंप का आयोजन किया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष डाक्टर विनोद गुप्ता ने बताया कि उक्त कैंप सम्पर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार व समर्पण भाव के तहत लगाया जा रहा है क्योंकि भारत विकास परिषद का यही उद्देश्य है।

### गुहला मेले में 21 को रक्तदान कैंप

**गुहला चीका।** शहर की कई समाजसेवी संस्थाएं जिनमें नेकी की दिवार चैरीटेबल ट्रस्ट पीडल, बाबा चेतन शाह पीर कमेटी गुहला, कन्या दान महादान टीम और युवा शक्ति दल द्वारा संयुक्त रूप से 21 जून को कम्यूनिटी हाल गुहला में एक रक्तदान कैंप लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी सागर भारद्वाज ने बताया कि मेले में काम करने वाले सेवादार व अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में रक्तदान करेंगे।

### बाबा भूरे शाह पीर की मजार पर 20 को भंडारा

**गुहला चीका।** गुहला में स्थित बिजली बोर्ड में बाबा भूरे शाह पीर की मजार पर 20 जून को एक विशाल भंडारा लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए एक सेवक रमेश कुमार ने बताया कि बिजली बोर्ड में कार्यरत सभी बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों व नगर खेड़े की सुख व समृद्धि के लिए चादर भी चढ़ाई जाएगी।

### किसान सम्मान निधि की किस्त 18 को जारी होगी

**कैथल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. बलवंत सहारण बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सायं 4 बजे जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में किया जाएगा। इस मौके पर किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाएगा।

### लू से बचने के लिए नागरिक बरतें विशेष सावधानी

**कैथल।** उपायुक्त प्रशांत पंवार ने जिला वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि लू के प्रकोप से बचाव के लिए हर नागरिक विशेष सावधानी बरतें। प्रदेश में तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और हीट-वेव (लू) भी चल रही है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी।

### फायर ब्रिगेड की गाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर

**गुहला चीका।** रविवार गत रात्रि चीका मेन चौक पर गलत साइड में जा रहे एक ट्रक चालक ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसमें सवार तीनों कर्मचारियों को काफी चोट आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टक्कर के बाद ट्रक चालक अपने ट्रक को भगा कर ले गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

7 जून को आयल मील में दम घुटने से हुई मौत का मामला

# परिजनों ने पुलिस थाने पहुंचकर कार्रवाई पर रोष प्रकट किया

पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी


पूंडरी थाने में डीएसपी से मिलने के बाद जानकारी देते हुए समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी के लक्ष्मी ऑयल मिल के टैंक में सफाई करने के लिए उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से 7 जून को हुई दर्दनाक मौत के मामले में परिजन अपने समाज के लोगों के साथ पुलिस थाने में पहुंचकर पुलिस कार्रवाई पर रोष प्रकट किया। मृतक के परिजन अपने समाज के दर्जनों लोगों के साथ पुलिस थाना प्रभारी राजकुमार व डीएसपी पूंडरी गुरविंदर सिंह से मिले और उन्हें अभी तक ऑयल मिल मालिकों के खिलाफ हो रही कार्रवाई में देरी का कारण पूछा। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री से मिलने के लिए पहुंचे। आपको बता दें कि 7 जून को लक्ष्मी ऑयल मिल में दो मजदूरों की उस समय दर्दनाक मौत हो गई थी, जब वह तेल टैंक की सफाई करने के लिए उसके अंदर उतरे और टैंक में ऑक्सीजन की कमी होने के चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई थी। जिसमें विवेक उर्फ विक्की निवासी पूंडरी व जसवंत सिंह बरसाना दो मजदूर थे। जिसके बाद मृतक विक्की के भाई विवेक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई की उनके भाई और जसवंत सिंह का मील में तेल पैकिंग करने का काम था, लेकिन मिल मालिकों ने जबरदस्ती उन्हें सफाई करने के लिए तेल के टैंक में उतार दिया। जहां ऑक्सीजन कमी के चलते उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में तेल मिल मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। जिसको लेकर सैनी समाज के विवेक सैनी, जयभगवान सैनी, भीम सिंह सैनी, चंदन ठेकेदार, पवन सैनी, पालाराम सैनी, कृष्ण सैनी, रघुबीर सैनी, नीरज सैनी, हिशमा सैनी, कुलदीप सैनी, कृष्ण सैनी व महेंद्र सैनी, इसके अलावा बरसाना गांव से हुकमचंद, केहर सिंह, देवीदयाल बरसाना, बाबू राम, रोशन लाल, ईश्वर व महेंद्र सिंह सैकड़ों लोगों के साथ थाना पूंडरी पहुंचे और डीएसपी से मिल मालिकों की गिरफ्तारी न किए जाने बारे रोष प्रकट किया।

**आरोपियों की होगी गिरफ्तारी**

पूंडरी के डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस तेजी से कार्य कर रही है, जिसमें मिल मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है। उन्हें दो दिन का टाइम ओर दिया जाए, ताकि पुलिस एक्सपर्ट के पूरी जानकारी लेकर पुख्ता सबूतों के साथ कार्रवाई कर सके। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नशे से दूर रहने की ली शपथ

- नशा एक अभिशाप इसे जड़ से उखाड़ने के लिए आमजन की भागीदारी जरूरी : डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** एचसी सुनील कुमार युवाओं को नशे से दूर रहने बारे शपथ दिलाते हुए।

नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत जिला पुलिस की सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूक कर रही हैं। एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव को शामिल करके एक नशा जागरूकता टीम का गठन किया गया है। जो इसी कड़ी में यह टीम निरंतर रूप से गांव गांव जाकर विभिन्न प्रकार के प्रोग्राम आयोजित करके जागरूक कर रही है। टीम द्वारा सोमवार को विभिन्न स्थानो पर जाकर आमजन,माता-पिता व उनके बच्चों से मिलकर नशे से बचने हेतु जागरूक किया साथ ही उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई तथा नशा तस्करो पर प्रहार करने के लिए पुलिस कि मदद करने के संबंध में प्रेरित किया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि पुलिस टीमों ने इस अवसर पर आम जन को नशे से होने वाली हानि व खेल से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्हें बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर अपने भविष्य को अंधकार की तरफ धकेल रही है।

### चेक बाउंस के मामलों में 2 अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा चेक बाउंस के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ा स्टाफ के एएसआई रणदेव सिंह द्वारा आरोपी गांव फरीयाबाद निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया है। उसे वर्ष 2019 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 15 अप्रैल 2024 को पीओ घोषित किया गया था। दूसरे मामले में थाना सीवन पुलिस के एएसआई बलराज सिंह द्वारा वर्ष 2019 के चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी भुना निवासी जोगिंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे माननीय अदालत द्वारा 22 सितंबर 2023 को पीओ घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## बर्फानी सेवा मंडल यात्रा का अनाज मंडी पूंडरी में होगा भव्य स्वागत : नरेश गर्ग

- कहा : 24 जून को विशाल भंडारा सामग्री व जत्था होगा रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

बर्फानी सेवा मंडल रजि. से प्रमुख सेवादार एवं अनाज मंडी पूंडरी फर्म प्रीतम लाल नरेश कुमारसे प्रमुख आढ़ती नरेश कुमार गर्ग ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बर्फानी सेवा मंडल जिलावासियों के सहयोग से 30वां विशाल भंडारा बालटाल कश्मीर में 29 जून से 19 अगस्त तक लगाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 24 जून को कैथल अर्जुन नगर अफगान पट्टी मंडल की धर्मशाला से हवन व पूजा-अर्चना कर विशाल भंडारा सामग्री के ट्रकों व सेवादारों के जत्थे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जोकि कैथल से चलकर पूंडरी बाजार से होकर पुरानी अनाज मंडी पूंडरी में दुकान नंबर 125 में पहुंचगी, जहां सेवादारों द्वारा भव्य स्वागत एवं पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद यात्रा ढांड, ईस्माईलाबाद, लुधियाना, जालंधर, पठानकोट, जम्मू-कश्मीर होकर अपने निर्धारित स्थाल बालटाल की तरफ रवाना होगी। उन्होंने कहा कि बर्फानी सेवा मंडल रजि. कैथल को 80 जी से भारत सरकार से छूट प्राप्त है और देशवासियों से अधिक से अधिक दान करने की अपील की है। इस मौके पर उनके साथ पूंडरी मंडल के अन्य सदस्यगण भी मौजूद रहे।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉ चावला को प्रेरणा गीत के लिए भेजा प्रशंसा पत्र

हरिभूमि न्यूज. कैथल



- आओ मिलकर परीक्षा पर्व मनाएं प्रेरणा गीत किया था तैयार

आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग,जिला कैथल हरियाणा में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा 29 जनवरी 2024 को मनाए गए परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम की महत्ता पर परीक्षार्थियों हेतु आओ मिलकर परीक्षा-पर्व 2024 मनाएं शीर्षक प्रेरणा गीत तैयार किया गया था। इस गीत को उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय,शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार,एन सी ई आर टी आदि की फेसबुक आई डी पर तथा सोशल मीडिया के अन्य साइट्स पर सभी के साथ साझा किया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉ चावला को प्रेरणा गीत के लिए भेजा प्रशंसा पत्र भेजा है। इस गीत के माध्यम से विद्यार्थियों को यह सन्देश दिया गया था कि उन्हें ऑनलाइन मोड़ में पढ़ाई का पूर्ण लाभ लेना चाहिए। विद्यार्थी दीक्षा पोर्टल तथा अन्य निःशुल्क ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस की मदद से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।

# फिरौती मांगने के मामले में मूसा भाई गिरोह चलाने का एक आरोपी काबू

- फिरौती की रकम लेने आए आरोपी को एसडीयू ने दबोचा
- दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी धर्मबीर। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी के एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए फिरौती मांगने के मामले में त्वरित कार्रवाई दौरान स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी को काबू किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी ललित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूंडरी के एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार 28 मई को उसके पास एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप काल आई। आरोपी ने कहा कि मैं नवीन टयोंठा बोल रहा हुं, मेरे को 10 लाख रुपए दे दे नहीं तो मैं तेरे को व तेरे परिवार के किसी भी सदस्य को मरवा दूंगा। फिर 30 मई को दुबारा उसी की उसके पास फिरौती के लिए कॉल आई। जो शिकायतकर्ता ने डर के मारे उसके कहे अनुसार उसके द्वारा भेजे गए बाइक पर आए एक व्यक्ति को पाई रोड़ पूंडरी पर उसने 1 लाख दे दिए। एक लाख देने के बाद बी फिरौती की धमकी बारे काल जारी रही। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। 16 जून की शाम स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एचसी मनीष कुमार, एचसी तरशेम कुमार, एचसी बुटा सिंह, सिपाही हरीश, सिपाही संदीप कुमार व सिपाही सौरभ की टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए योजनाबद्ध तरीके से साइबर सैल प्रभारी एएसआई सतबीर सिंह व एचसी राकेश की टीम की मदद से ट्यौंठा से आरोपी गांव भाणा के धर्मबीर पुत्र मदन को काबू कर लिया गया।

**मूसा भाई गैंग के नाम से गिरोह को ऑपरेट कर रहा :** बाबू राम टयोंठा का साथी मुख्य आरोपी नवीन विदेश में बैठकर मूसा भाई गैंग के नाम से गिरोह को ऑपरेट कर रहा है, जो धर्मबीर भी उक्त गैंग में शामिल है। आरोपी नवीन करीब 2 साल से विदेश में है। जो आरोपी धर्मबीर उपरोक्त नवीन के कहने पर 3 जून को पीडित से 1 लाख की फिरौती की रकम लेकर गया था तथा दोबारा 16 जून को पीड़ित से बकाया फिरौती की रकम लेने के लिए आया था। जो स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया। डीएसपी ने बताया कि कैथल पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

**19 मार्च को टयोंठा के गोपाल पर चलाई थी गोली**

जांच दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी नवीन द्वारा 19 मार्च को भी टयौंठा निवासी गोपाल पर गोली चलवाई गई थी। जो आरोपी नवीन विदेश में बैठकर अपने द्वारा बनाई गई मूसा भाई गैंग को ऑपरेट कर रहा है तथा अपनी गैंग में शामिल अन्य व्यक्तियों की मार्फत अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है। जो नवीन पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, फिरौती मांगने के करीब 5 मामले दर्ज है।

## सीएम 20 को कार्यकर्ता सम्मेलन में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, विधायक लीला राम तथा कमलेश ढांडा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल में जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर एवं विधायक लीला राम ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने बताया कि 20 जून को सुबह 9:30 बजे हरियाणा प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। हरियाणा के यशश्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल जिले के सभी त्रिदेवों और बूथ अध्यक्षों एवम बी एल ए 2 और उनसे ऊपर के सभी पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने आगे कहा की 12 मार्च , जब से नायब सिंह सैनी हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री बने है तब से प्रत्येक दिन 2 या 3 योजनाएं, हरियाणा की जनता के लिए लागू करते है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जनता और कार्यकताअरं का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। प्रदेश की जनता तीसरी बार फिर से हरियाणा में कमल खिलाएगी और भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक दिनेश कौशिक, तेजवीर सिंह, राव सुरेंद्,र सुभाष हजवाना, अरुण सर्राफ, राजपाल तंवर, मनीष कठवाड़, सुरेश गर्ग नोच, सुरेश संधू, राज रमन दीक्षित मौजूद रहे।

### बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल के प्रांगण में योग दिवस 21 को

**ढांड।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सन्दर्भ में जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष



की तरह बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल के प्रांगण में 21जून को सुबह योग दिवस का आयोजन योग क्लब, शारीरिक शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि योग व्यायाम का एक ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम से शरीर के अंगों का ही नही बल्कि इससे मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। निश्चित ही योग करने से शारीरिक व्याधियों से निजात पाई जा सकती है।

# गोमाता की सेवा करना सबसे उत्तम

- विधायक लीला राम ने तरबूज काट कर गायों को खिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** विधायक लीला राम गायों के लिए तरबूज काटते हुए। फोटो : हरिभूमि

विधायक लीलाराम ने कहा कि गौ माता की सेवा का कार्य सबसे उत्तम पुण्य माना गया है। गौ माता की सेवा करने का अवसर किस्मत वालों के नसीब में होता है। गाय हमारी माता है और यह हम सब का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम उनकी सेवा में कोई कसर न छोड़ें। विधायक लीला राम ने निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में नंदी गौशाला में पहुंचकर गो माता को तरबूज खिलाकर उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। निर्जला एकादशी के अवसर पर गौशाला कमेटी की तरफ से गायों के खाने के लिए तरबूज की व्यवस्था की गई थी। गौ सेवा कमेटी ने 200 किवंटल तरबूज काटकर गायों को खिलाया। गायों की सेवा करने के लिए आस पास के कई गांव के लोगों ने आकर गऊशाला में कार्य कर सेवा की।

इस मौक पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारा परम सौभाग्य है कि इस मौके पर हमें गायों की सेवा करने का मौका मिला है। विधायक ने कहा कि नंदी गौशाला कमेटी बहुत ही अच्छा कार्य, अच्छी व्यवस्था गायों के लिए करती हैं। जब भी हमें गौशाला में आने का मौका मिलता है तो देखने को मिलता है कि उचित व्यवस्था गायों के देखरेख के लिए की गई है।

# सब्जियों पर पड़ी भीषण गर्मी की मार

- दामों में आया दोगुना उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


राजौंद के पूंडरी चौंक पर दुकान पर रखी हुई सब्जियां। फोटो : हरिभूमि

लगातार बढ़ती गर्मी के साथ ही सब्जियों के दामों में पिछले 10 दिनों में काफी उछाल आया है। सब्जी के जो भाव 10 दिन पहले थे अब उनमें से कई सब्जियों के भाव डबल हो चुके हैं। जैसे जैसे मौसम गर्म हो रहा है, गर्मियों की सौगात समझे जाने वाले नींबू के भाव आसमान छू रहे है निंबू 150 प्रति किलो बिक रहा है। गर्मी कि अधिकता के कारण खेतों में सब्जियां सूखने से इनकी आवक काफी घट गई है।

जिससे इनके दामों में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। उधर दुकानदारों का कहना है कि गर्मी अधिक होने के कारण ज्यादातर सब्जियां खराब हो जाती है, जिससे उन्हें सब्जियां के दाम पूरे करना भी नामुमकिन होकर रह गया है। गर्मी की कई सब्जियां ऐसी हैं जो केवल एक ही दिन के बाद खराब हो जाती हैं। वही कुछ सब्जियां ऐसी हैं। गर्मी की जरूरत समझे जाने वाले नींबू के दाम में कमी न आने के कारण इसके दाम 150 रुपये किलो तक बोले जा रहे है। टींडा 50 रुपये, भिंडी 60 रुपये, तोरी 40 रुपये, मटर 80 रुपये, खरबूजा 30 रुपये, करेला 50 रुपये, हरी मिर्च 80 रुपये, टमाटर 40 रुपये, खीरा 40 रुपये किलो तक बिक रहा है।

हजारों रुपये छात्रवृति के साथ मिलेगा फ्री बस पास

# आईटीआई छात्राओं को कोर्स करने के साथ मिलेगा वजीफा

नरेश पंवार. कैथल


कैथल की महिला आइटीआई में प्रशिक्षण लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

आईटीआई में अधिक से अधिक छात्राएं दाखिला लेकर तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर सकें, इसके लिए औद्योगिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र में आईटीआई में दाखिला लेने वाली छात्राओं के लिए विशेष सुविधाएं देने की योजना बनाई है। आईटीआई में दाखिला लेने वाली छात्राओं को न केवल हजारों रुपये प्रतिमाह का वजीफा दिया जाएगा बल्कि एक हजार रुपये तक का टूल बॉक्स भी दिया जाएगा। इसके साथ ही छात्राओं को फ्री बस पास की सुविधा भी दी जाएगी। यह योजना छात्राओं को कौशल व रोजगार प्रदान करने में काफी सहायक सिद्ध होगी। योजना के तहत सरकार छात्राओं को महिला दिवस पर वजीफा के रूप में 2500 रुपये एकमुश्त राशि देगी। साथ ही जो छात्राएं आईटीआई में दाखिला लेंगी उनके लिए हरियाणा रोडवेज की मुफ्त बस पास सेवा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। छात्राओं को एक हजार रुपये तक का टूल बॉक्स भी प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि जिला कैथल में जहां 09 राजकीय आईटीआई चलाए जा रहे हैं तो वहीं दो महिला आईटीआई भी चलाए जा रहे हैं। इनमें कैथल तथा पूंडरी में एक-एक महिला आईटीआई शामिल है। इसमें केवल छात्राओं व महिलाओं को ही दाखिला दिया जाता है।

- एक हजार रुपये तक का टूल बॉक्स भी दिया जाएगा

**इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला पर मिलेगी एक हजार रुपये प्रतिमाह की राशि**

बता दें कि सरकार द्वारा आईटीआई में इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला पर छात्राओं के लिए एक हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृति दी जा रही है ताकि छात्राओं को अधिक से अधिक इंजीनियरिंग कोर्सों की ओर रूझान बढ़ सके।

**अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता**

राजकीय आईटीआई महिला कैथल के प्रधानाचार्य गुरांदता ने बताया कि आईटीआई प्रवेश फार्म भरने के लिए छात्राओं से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता है। विद्यार्थी किसी भी कामन सर्विस सेंटर पर जाकर भी आवेदन कर सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जून है। वर्ष 2024-25 में अगर कोई विद्यार्थी दाखिला लेना चाहता है तो उसके पास आधार कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाता, ईमेल आईडी और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### 12 ग्राम हेरोइन के साथ दंपति गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने रेवर-दातासिंह वाला रजबाहा पुल पर बाइक सवार दंपत्ति को काबू कर कब्जे से 12 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव रेवर निवासी राकेश तथा उसकी पत्नी रेखा नशीले पदार्थ बेचने का काम करते हैं।

### पुराना बस स्टैंड पर मिले शव की पहचान

**सफीदों।** नगर के पुराना बस स्टैंड से मिले एक व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मृत्तक की पहचान गांव पाजू खुर्द निवासी जगमाल के रूप में हुई है। मृत्तक के परिजन नगर के नागरिक अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पहचान होने के उपरांत पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

### एटीएम कार्ड बदलकर 26 हजार रुपये का चूना

**जींद।** सफीदो गेट पर एटीएम केबिन में राशि निकलवाने आई युवती का दो युवकों ने एटीएम कार्ड बदल 26 हजार 800 रुपये का चूना लगा दिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात दो लोगों के खिलफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खटकड़ निवासी आरती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई का एटीएम कार्ड लेकर सफीदों गेट पर एटीएम केबिन में कुछ राशि निकलने गई हुई थी।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली स्क्रीम का लाभ लें

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की जा चुकी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने सोमवार को अम्बाला में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना का शुभारंभ किया। इसके तहत हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी।

### पत्नी ने बेटे तथा बहु के साथ मिल पति को पीटा

**जींद।** गांव उझाना में पत्नी ने बेटे तथा बहु के साथ मिल कर पति की पिटाई कर डाली। गढ़ी थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उझाना निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी सरोज तथा बेटे दीपक व पुत्रवधु ने उसके साथ मारपीट की। जिसमें चोटें आई।

### शिव कावड़ संघ ने ठंडे पानी की छबील लगाई

**पूंडरी।** शिव कावड़ संघ पूंडरी के सदस्यों ने पुलिस थाने के सामने मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई। इस मौके पर आने-जाने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को रोककर इस तपती गर्मी में अपने हाथों से ठंडा व मीठा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। इस मौके पर संघ के सदस्य साहिल गर्ग म्यौली ने कहा कि गर्मी के तपते मौसम में यदि किसी व्यक्ति को ठंडे पानी की बूंद भी मिल जाए तो वह भी अमृत के सामान लगती है।

### सब्जी मंडी प्रधान समेत पांच के खिलाफ केस

**जींद।** नरवाना सब्जी मंडी में मंडी के प्रधान को गाली गलौज करने से रोका तो आरोपितों ने हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव फैरन कलां निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मामा के साथ सब्जी मंडी में दुकान पर बैठा हुआ था।

### छबील लगा लोगों की प्यास बुझाई

**राजौंद।** ज्येष्ठ माह में ठंडा पानी पिलाने का पुण्य पूरे वर्ष के समान विशेष महत्व रखता है। जींद रोड पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई गई वहीं पुराना बस स्टैंड पर दुकानदारों व दुर्गा मंदिर सेवा दल के सदस्यों ने तरबूज खिलाकर लोगों ठंडक पहुंचाने का काम किया।

# जींद से अशोक लेलैंड बीएस मॉडल 4 की 30 बसें पलवल और नूंह भेजी जाएंगी

## जींद डिपो का टाटा से अनुबंध होने व डिपो में चालक व परिचालकों की कमी के चलते उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद डिपो के टाटा से अनुबंध होने व डिपो में चालक व परिचालकों की कमी के कारण राज्य परिवहन ने बसें स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। जींद डिपो की अशोक लेलैंड बीएस मॉडल 4 की 15 बस पलवल तो 15 बस नूंह भेजी जाएंगी। वहीं सोनीपत से टाटा की बीएस 3 मॉडल की 12 बस जींद डिपो में शामिल की जाएंगी। इन बसों के ट्रांसफर होने पर जींद डिपो में पहले की अपेक्षा 18 बसों की कमी होगी। क्योंकि डिपो से 30 बस नूहं व पलवल भेजी जाएंगी तो 12 बस सोनीपत से जींद डिपो में शामिल होंगी। अभी जींद डिपो में



रोडवेज बसों की संख्या 200 है। जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। 200 बसों पर 230 चालक व 265 परिचालक कार्यरत हैं। नोरम के हिसाब से डिपो में 200 बसों पर 340 चालक व 340 परिचालकों की जरूरत है। ऐसे में सभी बसों के संचालन को लेकर कर्मचारियों को ओवरटाइम दिया जा रहा है। लेकिन जब भी चालक व परिचालकों के रेस्ट पर चलने जाने पर पांच से दस बस खड़ी रहती हैं। गौरतलब है कि पिछले एक साल में डिपो में 100 से ज्यादा नई बस शामिल हो चुकी हैं। जिसमें कुछ बसें अशोक लेलैंड की भेजी गई थी। तीन मई को राज्य परिवहन के अतिरिक निदेशक की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी महाप्रबंधक के साथ आयोजित की गई बैठक में बसों के बेड़े अनुसार संचालन की संभावना व चालक और परिचालकों के स्टाफ की कमी या अधिकता के चलते बसों को दूसरे डिपो में स्थानंतिरत करने का निर्णय लिया गया है। इसमें डिपो की अशोक लेलैंड की 30 बस तो दूसरे डिपो में भेजी जाएगी और बदले में टाटा की 12 बस मिलेगी। जींद डिपो की 200 बसों में हर रोज लगभग 17 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे जींद डिपो को लगभग हर रोज 12 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। वहीं अगर यह बस ट्रांसफर होती हैं तो यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रोडवेज कर्मचारी नेता अनूप लाठर व संदीप रंगा ने कहा कि डिपो में बसों की संख्या को देखते हुए चालक व परिचालक कम हैं। वहीं दूसरी ओर जींद डिपो की 30 बस नूह व पलवल भेजी जाएंगी तो केवल 12 बस सोनीपत से डिपो में शामिल होंगी। ऐसे में पहले की अपेक्षा बसों की संख्या कम हो जाएगी। परिवहन विभाग को चाहिए कि डिपो में बसों की संख्या बढ़ाई जाए और कर्मचारियों की स्थाई भर्ती की जाए जिससे यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके।

### 12 बस सोनीपत से आएंगी: जीएम

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने कहा कि अभी 12 बस सोनीपत से जींद डिपो में आएगी और 30 बस नूह व पलवल भेजी जाएंगी। टाटा की और बसें भी जींद डिपो में आ जाएंगी। ऐसे में बसों की संख्या कम नहीं रहेगी और यात्रियों को किसी प्रकार की पेरशानी नहीं होगी। जींद डिपो में टाटा से अनुबंधित बस चलती हैं। पिछले समय में डिपो में जो नई बस आई थीए उसमें कुछ बस अशोक लेलैंड की थी। ऐसे में अशोक लेलैंड की बसों को दूसरे डिपो में भेजा जाएगा और टाटा की बस जींद डिपो में आएंगी।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने किया कैथल का दौरा

# आयोग अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : लालपुरा

## अधिकारियों एवं सिख समाज के लोगों के साथ की बैठक

अधिकारियों को सभी समाज के लोगों के साथ समय-समय पर सद्भावना बैठक करने के निर्देश दिए।



**कैथल।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा अधिकारियों से बातचीत करते। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने सोमवार को कैथल का दौरा किया और लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कैथल में हाल ही में हुए एक सिख व्यक्ति पर हमले की निंदा की और पीड़ित व्यक्ति से भी मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को सभी समाज के लोगों के साथ समय-समय पर सद्भावना बैठक करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में असहिष्णुता को बढ़ावा देती हैं और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने घटना के तुरंत बाद हरियाणा के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस मामले की जांच करने और रिपोर्ट सबमिट करने के निर्देश दे दिए थे। उन्होंने जिला अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पुलिस विभाग से इस केस के बारे में अपडेट लिया। एसपी उपासना ने केस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में तुरंत एफआईआर करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और डीएसपी की अगुवाई में एसआईटी भी इस मामले में जांच कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने सिख समाज के लोगों के साथ भी बैठक की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि राजनीति से ऊपर उठकर समाज की भलाई के लिए काम करें।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसपी उपासना, एडीसी सी.जया श्रद्धा, एसडीएम ब्रहम प्रकाश, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. रेनु चावला, ईओ कुलदीप मलिक, एलडीएम एस.के. नंदा, कुशलपाल, रमणीक सिंह मान, शिव शंकर पाहवा, सुखविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# हादसों में आईटीआई कर्मी समेत दो की मौत

- पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपे
- शिकायतों के आधार पर फरार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। मूलतः गाव पालवा हाल आबाद अर्बन एस्टेट निवासी राकेश जुलाना आईटीआई में नौकरी करता था।

कार्यवश वह पानीपत गया हुआ था। शाम को वह कार से जींद वापसी कर रहा था। जम्मू-कटरा हाइवे के निकट सामने से आ रही गाड़ी ने उसकी कार को टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी को छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातो का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के मामा अजीत की शिकायत पर फरार गाडी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डिडवाडा निवासी सुशील (38) गांव निम्नाबाद सड़क पर टहल रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें सुशील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी पहचान गांव के ही गुलफान के रूप में हुई। गंभीर हालत में सुशील को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सफीदों लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान सुशील की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई संदीप की शिकायत पर फरार चालक गलफान के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 18 की बजाय 23 को होगी इग्नू की परीक्षा

**जींद।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा. धर्मपाल ने बताया कि भारत वर्ष में इग्नू की जून 2024 सत्र की परीक्षाएं चल रही हैं। जो कि 15 जुलाई तक चलेंगी। क्षेत्रीय केंद्र करनाल के अंतर्गत पूरे हरियाणा में कुल 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 18 जून को होने वाली इग्नू की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई है। 18 जून को यूजीसी नेट के एग्जाम के कारण इग्नू का एग्जाम अब 23 जून को कर दिया गया है। इग्नू के अन्य सभी परीक्षाएं पहले से निर्धारित डेट शीट के अनुसार ही होंगी। इग्नू ने नोटिफिकेशन जारी कर विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए 18 जून के एग्जाम को 23 जून को रीशेड्यूल करने का निर्णय लिया है। इग्नू की परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट से संशोधित डेट शीट और हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं।



**कलायत।** भगवान श्री कपिल मुनि धाम मार्ग पर स्थित कपिल बाजार।

### मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा कलायत का कपिल बाजार

**कलायत।** कलायत के श्री कपिल मुनि धाम मार्ग पर वर्षों पुराना कपिल बाजार है। इसमें लगभग 200 छोटी-बड़ी दुकानें हैं। लेकिन इस बाजार में बुनियादी सुविधाओं का शुरू से ही अभाव है। हालात इस कदर खराब हैं कि पानी निकासी व्यवस्था कमजोर होने के कारण दुकानों और आसपास के घरों में पानी घुस जाता है। बरसात के मौसम में निरंतर लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ता है। इसके साथ ही पार्किंग, पेयजल, आधुनिक शौचालय, शेल्टर और अन्य सुविधाओं की बाजार में दरकार है। आधुनिक शौचालय का करवाया जाए निमार्णः भगवान दास गर्ग भगवान दास गर्ग ने बताया कि कपिल मुनि बाजार को शहर की रौनक माना जाता रहा है। शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस मार्केट में खरीददारी के लिए आते हैं। लेकिन मांग के अनुरूप शौचालयों की मार्केट में सुविधा नहीं हैं। इसके चलते मुख्य रूप से महिलाओं को समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मोबाइल व आधुनिक शौचालय निर्माण की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है।

# 16 लाख की ठगी के आरोपी दबोचे

- डिजिटल मार्केटिंग में निवेश कराकर टास्क पूरा करने के नाम पर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डिजिटल मार्केटिंग में निवेश कराकर टास्क पुरा करने के नाम पर करीब 16 लाख रुपये साइबर ठगी मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा 3 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि खुराना रोड कैथल निवासी एक युवक की शिकायत अनुसार उसका 25 जनवरी को इंस्टाग्राम पर घर पर काम करने के विज्ञापन के माध्यम से मोनिका नाम की लड़की से उसका संपर्क हुआ। मोनिका ने उसे व्हाट्सएप नंबर दिया। उसने दिए नंबर पर संदेश भेजा तो राधिका नाम की लड़की की तरफ से रिप्लाई आया। संदेश में कॉइन डीसीएक्स एक्सचेंज डिजिटल मार्केटिंग कंपनी की तरफ से बात करने के लिए लिखा गया था। जब उसने राधिका से चैटिंग की तो उसने उसे घर बैठे काम करने का ऑफर दिया व कहा कि आपको घर बैठे कुछ टास्क पूरे करने पड़ेंगे। इसके लिए उसे एक लिंक टेलीग्राम का दे दिया उसने क्लिक किया तो उसकी टेलीग्राम पर मोनिका से बात होने लगी। वहां पर मोनिका नाम की लड़की ने मनी इनवेस्टिंग स्कीम की जानकारी दी। शुरू में 26 जनवरी को स्कीम में एक हजार रुपये इनवेस्ट किए तो उसे 1300 रुपये मिल गए। इसके बाद आरोपियों ने उसे अलग-अलग ग्रुपों में जोड़कर लाखों रुपये इनवेस्ट करवा लिए। आरोपियों ने उसे इनवेस्ट की गई राशि का लाभ भी दिखाया। जब वह अपनी लाभ में मिली राशि को निकलवाने लगा तो वह नहीं निकली। इस पर उसने कंपनी के सदस्य रोहित से बातचीत की तो उसने कहा कि राशि निकलवाने के लिए 100 प्वाइंट करने पड़ेंगे और आपको 60 प्वाइंट खरीद करने पड़ेंगे। इसके लिए आपको तीन लाख 60 हजार रुपये और कंपनी में जमा करवाने होंगे। आरोपियों ने उसे बार-बार गुमराह करके 15 लाख 99 हजार 706 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद भी आरोपी अलग-अलग बहाने बनाकर और रुपये की मांग करने लगे थे।

# समारोह को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

- कल सम्मान समारोह में सीएम नायब सिंह होंगे मुख्यअतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** समारोह स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

प्रदेशभर के पंजीकृत श्रमिकों के सम्मान में जींद में 19 जून को आयोजित होने वाला जागरूकता एवं सम्मान समारोह किसी सीमित दायरे में न होकर विशाल स्तर का होगा। यह समारोह चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर की बजाय अब स्थानीय रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में आयोजित होगा। जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में पंजीकृत श्रमिक शामिल होंगे। श्रमिकों की जागरूकता के लिए समारोह स्थल पर स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे तथा श्रम मंत्री मूल चंद शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। स्थानीय विधायक डा. कृष्ण लाल मिढ़ा विशेष रूप से मौजदू रहेंगे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड के प्रदेशभर के करीब एक लाख पंजीकृत श्रमिकों को उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातें में जारी करेंगे। समारोह के दौरान नए श्रमिकों का पंजीकरण भी किया जाएगा, जिससे कि वे भविष्य में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

### श्रमिकों की जागरूकता के लिए लगेगी प्रदर्शनी

कटारिया ने बताया कि सम्मान एवम जागरूकता समारोह के दौरान स्टालों के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इनमें हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड, हरियाणा बिल्डिंग और अन्य निर्माण कल्याण बोर्ड द्वारा स्टाल लगा कर श्रमिकों उनके कल्याण के सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, सीईओ जिला परिषद डा. किरण सिंह, एसडीएम राकेश सैनी, श्रम विभाग के संयुक्त आयुक्त परमजीत सिंह, अतिरिक्त निदेशक अरविंद कुमार सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आसान नहीं होगी कलायत से विधानसभा की राह, जेपी, कमलेश और माजरा ने शुरु किया प्रचार अभियान

# अपने लाडलों के लिए राजनीतिक गढ़ तैयार कर रहे नेता व नेत्री

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

लोकसभा चुनाव समाप्त होने के साथ ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। कपिलमुनि की पावन धरा कलायत विधानसभा से चंडीगढ़ तक जाने का रास्ता आसान नजर नहीं आ रहा है। कलायत विधानसभा से तीनों राजनीतिक दिग्गज सांसद जयप्रकाश जेपी, पूर्व संसदीय सचिव एवं इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक कमलेश ढांडा ने अपने-अपने लाडलों को राजनीतिक ताज पहनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंत्री पद मिलने तथा पहली बार विधायक चुने जाने के कमलेश ढांडा अपने लाडले तुषार ढांडा को हर कार्यक्रम में साथ रखा। इसी प्रकार से कलायत से पूर्व संसदीय सचिव रहे रामपाल माजरा भी इस बार फिर से कलायत विधानसभा से अपने लाडले संजीव माजरा को ताज पहनाने का पुरजोर प्रयास करने में जुट गए हैं। जयप्रकाश भी अपने लाडले विकास सहारण के लिए पसीना बहाना शुरू कर दिया है।

### ढांडा कार्यकर्ताओं से कर रही मीटिंग



कमलेश ढांडा का मंत्री पद जाने के बाद वे कुछ कमजोरी पड़ती नजर आ रही थी लेकिन पिछले कुछ दिनों में उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद अपने कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर उनमें नई ऊर्जा फूंकने का काम किया है। ऐसे प्रयास लगाए जा रहे हैं कि वे अपने लाडले को यहां की कुर्सी पर बिठाना चाह रही हैं।

### कार्यकर्ताओं से मिले सांसद जेपी



हिसार से नववर्विचाति सांसद जयप्रकाश जेपी शुक्रवार को कैथल कार्यालय पहुंचे। उनके स्वागत के लिए जिले से कार्यकर्ता पहुंचे। इसमें कलायत के कार्यकर्ताओं की भागेदारी सर्वाधिक थी। जेपी ने कहा कि जनता ने मोदी के 400 पार के नारे को नकारकर बता दिया है कि जनता अब उनकी बातों में आने वाली नहीं है तथा बदलाव चाहती है। इसी को देखते हुए हरियाणा में आधी लोस सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा किया है। विधानसभा की दृष्टि की नजर से कांग्रेस ने भाजपा से अधिक विस सीटों पर जीत हासिल की है।

### दूसरी बार किसी के सिर नहीं सजा विधायक का ताज

हरियाणा के गठन के बाद कलायत की सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व थी लेकिन 2009 से यह सीट सामान्य वर्ग में तबदील कर दी गई। इसके बाद हुए 2009 के चुनाव में इनेलो से रामपाल माजरा, 2014 में निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश जेपी तथा 2019 में भाजपा से कमलेश ढांडा विधायक बनी। कलायत विधानसभा का इतिहास रहा है कि इस सीट से कोई भी दूसरी बार विधायक नहीं बना।

### रामपाल माजरा ने अपनी पकड़ दिखाई

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की मृत्यु के बाद ओमप्रकाश चौटाला व अभय सिंह चौटाला के प्रयासों से रामपाल माजरा को इनेलो की प्रदेश की कमान सौपी गई थी। माजरा ने पूरे जोश के साथ प्रदेश में इनेलो का प्रचार प्रसार किया। कलायत विधानसभा में इनेलो की अच्छी भागेदारी रही। बता दें कि लोकसभा चुनाव में कलायत विधानसभा से लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने 64059, भाजपा प्रत्याशी के 49622, इनेलो के 17274 तथा जजपा के प्रत्याशी को 828 मत मिले थे। इससे स्पष्ट है कि माजरा की कलायत विधानसभा में आज भी अच्छी पैठ है। इसे कयास लगाए जा रहे हैं कि वे कलायत से अपने लाडले संजीव माजरा के लिए राजनीतिक पृष्ठभूमि तैयार करने में जुटे हैं।

